हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार, 29 नवंबर 2025

10 हवन के साथ हुई नए सत्र की शुरुआत



11 नितिन और आरती बने बेस्ट एथलीट



## महर्षि दयानंद स्टेडियम में गीतापुरम तैयार

# जिलास्तरीय गीता महोत्सव का आगाज आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

भगवान श्रीकृष्ण के शाश्वत उपदेशों और श्रीमद्भगवद्गीता की दिव्यता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय गीता महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को होगा। महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में आयोजित होने वाला यह तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव अध्यात्म, कला और भारतीय लोक परंपराओं के रंगों से सराबोर रहेगा।

स्टेडियम परिसर को इस अवसर पर 'गीतापुरम' का विशेष स्वरूप दिया गया है। जहां गीता ज्ञान की गूंज वातावरण को आध्यात्मिकता से भर देगी। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि गीता महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। विशाल प्रदर्शनी भी रहेगी आकर्षण का केंद्रः गीता महोत्सव में सरकारी विभागों और सामाजिक संस्थाओं की करीब 30 प्रदर्शनी भी देखने को मिलेगी, जहां सरकारी योजनाओं और गीता के दिव्य संदेश पर आधारित स्टॉल लगाए जाएंगे। यह प्रदर्शनी न केवल विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगी, बल्कि गीता के अमूल्य ज्ञान को भी जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी।



झज्जर। महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में गीता महोत्सव को लेकर तैयारियां करते हुए कारीगर। फोटो: हरिभूमि

### बीन-नगाड़ा पार्टी और कच्ची घोड़ी नृत्य रहेगा आकर्षण

पारंपरिक कला का प्रदर्शन महोत्सव में चार चांद लगाएगा। गीता महोत्सव में हरियाणा की लोक परंपरा का प्रतीक मानी जाने वाली बीन की धुनों का जादू दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगा। नगाड़ों की थाप महोत्सव का जोश और उत्साह दोगुना कर देगी। नगाड़ा वादन की गूंज न केवल परंपरा का प्रतीक है, बल्कि इसे सुनकर हर व्यक्ति का मन नृत्य करने को प्रेरित होता है। कलाकार पारंपरिक परिधानों में सजे, घोड़ी की आकृति वाले परिधान पहनकर लोकगीतों और कच्ची घोड़ी नृत्य के माध्यम से एक अद्भुत नाट्य प्रदर्शन करेंगे।

### पहले दिन विक्की काजला, जोगिंद्र कुंडू सहित प्रसिद्ध कलाकार देंगे प्रस्तुति

डीआईपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि सुबह दस बजे डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल मुख्यातिथि एवं जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद गुरुकुल सिद्धपुर लोवा की छात्राओं द्वारा हवन का आयोजन होगा। इसके बाद प्रदर्शनी का शुभारंभ व अवलोकन किया जाएगा व सायं पांच बजे तक गीता थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। पहले दिन प्रसिद्ध कलाकार विक्की काजला व जोगेंद्र कुंडू सहित अनेक जाने-माने कलाकार प्रस्तुति देंगे। सायं छह बजे बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में गीता आरती के साथ प्रथम दिन का भव्य समापन होगा।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** एसटीएफ की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टॉफ प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि स्पेशल स्टॉफ की टीम थाना शहर क्षेत्र तैनात थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को विश्वकर्मा चौक के नजदीक से पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति की चेकिंग करने पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान नवीन निवासी सिलाना के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नार्कोटिक सैल ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। सैल प्रभारी निरीक्षक जमील खान ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गुभाना-गोयला कला रोड पर केएमपी फ्लाईओवर के नीचे अवैध हथियार के साथ मौजूद है। सूचना पर टीम वहां गई और आरोपी को काबू किया। उसके पास एक हथियार व कारतूस मिला। आरोपी की पहचान सतीश के रूप में हुई है। खेड़का गुर्जर का रहने वाला है। उसके खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है।

### ट्रैक्टर चालक पर मामला दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव लुकसर में ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा कुछ दिनों पुराना है, लेकिन परिजनों ने ट्रैक्टर चालक पर अब केस दर्ज कराया है। गांव के निवासी परमजीत का कहना है कि गत चार नवंबर की सुबह उसकी मां टहलने गई थी। इसी दौरान एक ट्रैक्टर ने उन्हें बुरी तरह से रौंद दिया। उन्हें सिर, हाथ, पेट, पांव सहित कई हिस्सों में काफी चोट आई। उनकी हालत अब तक गंभीर बनी हुई है। चालक आशीष की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ था। वहीं, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बास्केटबॉल प्लेयर अमन की मौत का मामला: घटनास्थल का किया दौरा

# पांच सदस्यीय कमेटी ने शुरू की जांच, एक सप्ताह में देगी रिपोर्ट

**»** *शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में हुआ था हादसा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बास्केटबॉल प्लेयर अमन की मौत के मामले में प्रशासन हरकत में आ गया है। एसडीएम बहादुरगढ़ की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी गई है। कमेटी ने शुक्रवार को घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद जांच शुरू कर दी। जांच कमेटी अगले एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंप सकती है।

दरअसल, बीते रविवार को शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में यह हादसा हुआ था। हादसे के बाद से लोगों में नाराजगी है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठ रही है। मामले की जांच के लिए अब कमेटी गठित हुई है। कमेटी के सदस्यों ने शुक्रवार को घटनास्थल का दौरा किया और स्कूल स्टाफ व जिम्मेदार लोगों से बातचीत की। नगर परिषद का रिकॉर्ड भी एसडीएम खुद जांच रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उपकरणों की मरम्मत, सुरक्षा और रखरखाव को लेकर कौन-कौन सी कमियां थीं।

पांच सदस्यीय कमेटी में जिला शिक्षा विभाग, खेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन शामिल किए गए हैं। एसडीएम नसीब कुमार ने स्पष्ट किया है कि हादसा बेहद दुखद है और जिम्मेदारी तय करके सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से भी मुलाकात की और सांत्वना दी। सरकार द्वारा घोषित सहायता राशि समय पर उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया गया है।

अमन की मौत के बाद प्रशासन ने जिले में सभी स्टेडियमों और पार्कों में लगे खेल उपकरणों की सुरक्षा जांच कराने का निर्णय लिया है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों। एसडीएम ने कहा कि खेल सुविधाओं में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। जांच कमेटी अगले एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंप सकती है। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अधिकारियों या कर्मचारियों पर कार्रवाई तय की जाएगी।



बहादुरगढ़। घटनास्थल पर जांच करने पहुंचे एसडीएम नसीब कुमार व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## रात दस बजे के बाद डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई : पुलिस कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने सभी थाना प्रबंधक चौकी प्रभारियों को रात दस बजे के बाद लाउडस्पीकर व डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यदि रात दस बजे के बाद कोई डीजे या लाउडस्पीकर बजाता है उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल मे लाई जाए। उन्होंने आमजन से भी कहा है कि अगर कोई भी रात दस बजे के बाद डीजे बजता है तो आप उसकी सूचना डायल 112 पर दे सकते हैं जिस पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्परता से मौका पर पहुंचकर नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति रात 10 बजे से पहले तथा सुबह 6 बजे के बाद डीजे अथवा लाउडस्पीकर चलाना चाहता है तो इसके लिए उसे प्रशासनिक अनुमति लेना आवश्यक है। अनुमति लेकर भी डीजे या लाउडस्पीकर नियम अनुसार निर्धारित की गई आवाज तक ही बजाया जा सकता है। जिससे कि ध्वनि प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न न हो।



उन्होंने डीजे संचालकों को भी निर्देश दिए हैं कि वे सभी डीजे संचालक अपने डीजे वाहन पर एक पट्टिका, प्लेट लगाएंगे, जिस पर पुलिस की ओर से जारी की गई हिदायतें लिखी होंगी। जिनमें रात दस बजे के बाद डीजे बजाना कानूनन अपराध है, यदि किसी कार्यक्रम में दस बजे के बाद डीजे बजते हुए पाया गया तो डीजे संचालक व डीजे बजवाने वाले, दोनों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा अगर सड़कों पर ट्रैक्टरों के पीछे कानफोड म्यूजिक सिस्टम बजाता हुआ पाया जाता है तो तुरंत ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



बहादुरगढ़। लोमा स्वेन व सुनील राठी का स्वागत करते रजनेश चौधरी।

### टोक्यो में लोमा स्वैन ने जीता कांस्य पदक

**बहादुरगढ़।** जापान के टोक्यो में 15 से 26 नवंबर तक आयोजित डेफलिंपिक में भारत का परचम लहराते हुए लोमा स्वैन ने कुमिते-50 किलोग्राम भारवर्ग में ब्राजील की खिलाड़ी को पछाड़ते हुए कांस्य पदक जीता। भारत वापसी पर हवाई अड्डे पर पहुंचते ही उत्तर भारत कराटे संघ और यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के अध्यक्ष रजनेश चौधरी ने उनका जोरदार स्वागत किया। रजनेश चौधरी ने चैंपियन लोमा स्वैन, पेरुनिथी तथा कोच सुनील राठी का जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी। लोमा के दमदार प्रदर्शन ने प्रदेश के साथ पूरे देश का मान बढ़ाया है। रजनेश चौधरी ने लोमा स्वैन के साहस, अनुशासन और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि भारतीय कराटे जगत के लिए गर्व का पल है। साथ ही उन्होंने कोच सुनील राठी और कोच हरिप्रसाद पटनायक को भी उत्कृष्ट मार्गदर्शन व सहयोग के लिए शुभकामनाएं दीं। लोमा की इस उपलब्धि ने युवा खिलाड़ियों में नया जोश भर दिया है और देशभर में कराटे खेल को नई पहचान दिलाई है। रजनेश चौधरी ने बताया कि उनके प्रतिभाशाली छात्र रहे सुनील राठी ने राष्ट्रीय स्तर पर कई बार स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। वर्ष 2010 में चीन में हुए 16वें एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सुनील अब ओलंपिक में कोच बनकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। वर्तमान में शिलांग स्थित खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर के पद पर सेवाएं दे रहा है।

# रेलवे स्टेशन पर चलाया हर घर स्वदेशी अभियान

**»** *भाजपा नेताओं ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से किया स्वदेशी अपनाने का आह्वान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा ने शुक्रवार को हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी अभियान की शुरुआत की। बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। ताकि लोकल उत्पादों को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार किया जा सके।

भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, भाजपा नेता दिनेश कौशिक, जिला परिषद चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, संजय कबलाना, चेयरपर्सन सरोज राठी व मार्केट कमेटी अध्यक्ष विनोद कौशिक की अगुवाई में भाजपाइयों ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से संवाद किया। उन्हें स्वदेशी वस्तुओं का महत्व समझाते हुए पत्रक वितरित किए। भाजपा नेताओं ने कहा कि यदि देश के नागरिक स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, तो न केवल छोटे उद्योगों को बल मिलेगा बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत बनेगी। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने यात्रियों और स्थानीय लोगों को स्वदेशी वस्तुएं खरीदने के लाभ बताए।

स्वदेशी उत्पाद गुणवत्ता में किसी भी विदेशी उत्पाद से कम नहीं हैं और इन्हें अपनाकर देश की आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, पार्षद भीम सिंह प्रणामी, जिला पार्षद रवि बराही, विशाल शास्त्री, दुष्यंत काजला, नकुल चोपड़ा, पंकज गर्ग, संजय सैनी, सुदेश रंगा, महावीर दलाल, रमेश आर्य, मंजीत पांचाल, राजबाला व अमित आदि मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



बहादुरगढ़। रेलवे स्टेशन पर स्वदेशी की अलख जगाते भाजपाई। फोटो: हरिभूमि

## न हत्यारोपी गिरफ्तार न हत्या का कारण स्पष्ट

**बहादुरगढ़।** जाखोदा निवासी कर्मजीत दलाल की हत्या को पांच दिन बीत गए हैं। मामले में कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं, लेकिन अब तक हत्यारोपी शिकंजे में नहीं आ सका है और न ही हत्या का असल कारण खुल पाया है। परिजनों न्याय की इंतजार में हैं तो पुलिस द्वारा जल्द मामले को सुलझाने की बात कही जा रही है।

दरअसल, जाखोदा मूल का सुनील यहां परिवार सहित लाइनपार में रहता है। मकान के ऊपरी मंजिल पर उसने जिम खोल रखा है। अपने मूल गांव के रहने वाले कर्मजीत के साथ उसकी दोस्ती थी। इसलिए कर्मजीत कई किलोमीटर दूर रोजाना उसके पास जिम में अभ्यास करने आता था। बीते सोमवार की सुबह जिम में सिर में रॉड मारकर कर्मजीत की हत्या की गई थी। जिम संचालक सुनील पर ही हत्या का केस दर्ज है। हालांकि हत्या क्यों और किन कारणों के चलते की, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। दूसरी तरफ पुलिस मामले में भागदौड़ कर रही है लेकिन आरोपी तक पहुंच नहीं सकी है। मामले में कई तरह के सवाल बने हैं, जिनके जवाब आरोपी की गिरफ्तारी के बाद सामने आ सकेंगे। एसएचओ परमजीत का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### तबीयत बिगड़ने से दो लोगों की मौत

**बहादुरगढ़।** इलाके में तबीयत बिगड़ने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पहला मामला टीकरी बॉर्डर का है। दरअसल, प्रवासी मूल का सतीश मिश्रा कुछ समय से यहां रह रहा था और बीमार चल रहा था। तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाए तो उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुक्रवार को पोस्टमार्टम करा दिया। वहीं, शुक्रवार की सुबह सतीश नाम का व्यक्ति भी तबीयत बिगड़ने पर भर्ती कराया गया। जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। हृदयाघात से मौत की आशंका है। पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है।

## वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक में 18 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

# नगर के हर वार्ड में होंगे 50-50 लाख रुपये के विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद की वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक में करीब 18 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इसमें शहर के हर वार्ड में 50-50 लाख रुपये की लागत से गली, नाली, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े काम करवाए जाएंगे। गांव खेड़का गुर्जर की गोशाला में भी शेड का निर्माण करवाएगी। इसके अलावा मुख्य मार्गों, प्रमुख स्थलों और चौराहों पर साइन बोर्ड लगाए जाएंगे।

पीएसी की बैठक में प्रत्येक वार्डों में विकास के साथ कई विशेष कार्यों को भी मंजूरी दी गई है। बैठक की अध्यक्षता डीएमसी सुशील कुमार ने की। इसमें नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी, वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, कार्यकारी अधिकारी अरुण नांदल, सचिव प्रवीण कुमार, एमई नवीन देशवाल, पार्षद नीना राठी व पार्षद संदीप दहिया आदि मौजूद थे। चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि हर वार्ड में पार्षदों की प्राथमिकता सूची में शामिल आवश्यकतानुसार कार्य करवाए जाएंगे। सैनीपुरा स्थित शिव धर्मशाला को 75 लाख रुपये में रेनोवेट करवाया जाएगा। गांव खेड़का गुर्जर स्थित गोशाला में भी शेड का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। यहां नगर परिषद द्वारा शहर में पकड़े गए बेसहारा गोवंश को रखा जाता है। नगर परिषद ने बहादुरगढ़ में नए साइन बोर्ड लगाने का भी निर्णय लिया है। ये बोर्ड मुख्य मार्गों, प्रमुख स्थलों और चौराहों पर लगाए जाएंगे। साथ ही नगर परिषद ने बीते दिनों बाइपास की जिस शामलात भूमि पर कब्जा लिया था।

वहां 68 लाख रुपये की लागत से चारदीवारी करवाई जाएगी। लाइनपार के वार्ड नंबर-3 में 80 लाख रुपये की लागत से नई वाल्मीकि चौपाल भी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों के लिए बजट पास कर दिया गया है और बहुत जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। टेंडर पूरे होते ही सभी वार्डों में एक साथ काम शुरू कर दिए जाएंगे।



बहादुरगढ़। बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा करते डीएमसी, चेयरपर्सन व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## हर्ष फायरिंग का बढ़ता चलन बन रहा जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शादी समारोह हो या कोई खुशी का मौका, हथियार लहराना और हर्ष फायरिंग करना कानूनन गंभीर अपराध है। इसके बावजूद दिखावे और सोशल मीडिया पर रील बनाने की होड़ में लोग खुलेआम हथियार निकालकर हवाई फायरिंग कर देते हैं। इसी लापरवाही के चलते कई बार खुशियां, दुख में बदल जाती हैं।

**लापरवाही के चलते कई बार दुख में बदल जाती खुशियां**

बहादुरगढ़-झज्जर में पिछले कुछ वर्षों में आधा दर्जन से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिंग से लोग घायल हुए। इसके बावजूद न तो फायरिंग पर लगाम लग पा रही है और न ही लोग इसे अपराध मानने को तैयार हैं। कई वीडियो तो खुलेआम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल होती रहती हैं, जिनमें लोग गर्व से हवाई फायरिंग करते दिखाई देते हैं। पुलिस समय-समय पर कार्रवाई करती है, लेकिन इसका ज्यादा असर नहीं दिख रहा। हैरानी भरी बात यह है कि कई मामलों में घायल और आयोजन में मौजूद लोग खुद ही फायरिंग की घटना को दबा देते हैं तथा पुलिस को बयान देने से भी बचते हैं।

मंगलवार रात बहादुरगढ़ के नजफगढ़ रोड स्थित एक फार्म हाउस में युवक जितेश ने फायरिंग कर दी। गोली पहले उसकी हथेली में लगी और फिर वहां मौजूद योगेश की कोहनी में जा लगी घटना में घायल होने के बावजूद न तो योगेश, न ही समारोह में मौजूद किसी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी। आरोपी भी घायल है, इसलिए गिरफ्तारी नहीं हो सकी, लेकिन पुलिस केस दर्ज कर चुकी है और मेडिकल फिट होने के बाद गिरफ्तारी की तैयारी है। इससे पहले भी यहां कई मामले हो चुके हैं।

मार्च 2022 में छुड़ानी में समारोह में चली गोली से 10 वर्षीय जतिन गंभीर रूप से घायल हो गया था। फरवरी 2022 में कसार में घुड़चढ़ी के दौरान फायरिंग हुई। नवंबर 2021 में डीघल में समारोह के दौरान फायरिंग में जतिन राणा घायल हुआ। वर्ष 2019 में बहादुरगढ़ में बादली रोड स्थित कार्यक्रम में रोहित गोली लगने से घायल हुआ। उसी वर्ष सिवाना में हर्ष फायरिंग में 10 वर्षीय नितेश घायल हुआ। इसके अलावा भी कई मामले पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं।

## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस चौकी ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 26 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित पक्ष ने मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने महेंद्रगढ़ के सुराणी निवासी रक्षित, महेंद्रगढ़ के उनिंदा निवासी निखिल, सिद्धार्थ व धनोंदा निवासी अमन को गिरफ्तार किया है।

### नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने नशीला पदार्थ मुहैया कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत 23 नवंबर को पुलिस ने एक आरोपी को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसे नशीला पदार्थ राजस्थान के माजरा निवासी नरेश कुमार ने मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी नरेश को भी गिरफ्तार कर लिया।

### हादसों के बाद फरार दो वाहन चालक अरेस्ट

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। खोल थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के बाद गत 25 नवंबर को आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच करते हुए पुलिस ने धवाना बिरेंद्र को गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में सिटी पुलिस ने 17 नवंबर को हुए हादसे में आरोपी गाड़ी चालक लाखनौल निवासी मनीषा को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट मामलों के दो आरोपी किए काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना कोसली पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर 28 अगस्त को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने लुखी निवासी पारस को गिरफ्तार किया है। उसकी बाइक भी वारदात में प्रयुक्त होने के कारण कब्जे में ली गई है। खोल थाना पुलिस ने मारपीट मामले में 26 नवंबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में कैलाश नगर निवासी मोनू को गिरफ्तार किया है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**नांगल जमालपुर।** ऊंचा गांव में शुक्रवार दोपहर घर के बाहर सड़क पर टहल रहे करीब 75 साल के बुगुर्ग की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव निवासी बुजुर्ग भूपसिंह दोपहर के समय अपने घर के बाहर सड़क पर टहल रहे थे। इसी दौरान किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। भूपसिंह टक्कर लगने के बाद अचेत होकर जमीन पर गिर गए। परिजनों ने उन्हें उठाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने अस्पताल जाकर शव का पोस्टमार्टम करा दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### बावल ब्लॉक कमेटी का गठन 30 को

**रेवाड़ी।** धानक समाज की मीटिंग 30 नवंबर को धानक धर्मशाला बालावास जाट में आयोजित की जाएगी। समाज के प्रधान वेदप्रकाश बनवाल ने बताया कि समाज के उत्थान व जागरूकता के लिए ब्लॉक वाइज कमेटी गठित की जा रही है। अब तक खोल, नाहड़, डहीना व जाटूसाना ब्लॉक की कमेटी गठित की जा चुकी है। रविवार को सुबह 10 बजे बावल ब्लॉक की मीटिंग का आयोजन धानक धर्मशाला बालावास जाट में किया जाएगा। मीटिंग में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी तथा समाज में फैली कुरीतियों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसी दिन धानक समाज की बावल ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा।

---

### महाविद्यालय की सत्र 2024-25 मैगजीन विजन का भी किया विमोचन

# हवन के साथ हुई नए सत्र की शुरुआत

छात्रा नेहा, दीक्षा, नैना, अंजलि, विराची ने स्वागत-गीत गाया। दीपिका ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति के साथ गणेश वंदना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में नव सत्र की शुरुआत शुक्रवार को हवन के साथ हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रधान डॉ. मीना गुप्ता ने आहूति डाली। विशिष्ट अतिथि के रूप में ट्रस्ट के मार्गदर्शक राजेश गुप्ता, महामंत्री संजय गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल व रितु गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा समेत अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनका आशीर्वाद लिया। छात्रा नेहा, दीक्षा, नैना, अंजलि, विराची ने स्वागत-गीत गाया। दीपिका ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति के साथ गणेश वंदना की।


बहादुरगढ़। हवन में आहूति डालते अतिथि, प्रबंधन सदस्य, प्रिंसिपल व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता, बीएड कॉलेज के प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल व प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने मुख्य अतिथि डॉ. मीना गुप्ता समेत सभी अतिथियों का स्वागत किया। छात्रा ईशा व पायल ने श्री कृष्ण नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। सभी अतिथियों ने महाविद्यालय की सत्र 2024-25 मैगजीन विजन का विमोचन किया। इसके अलावा महाविद्यालय में लिफ्ट का उद्घाटन भी किया गया। छात्रा शिवानी ने हरियाणवी कविता सुनाई। प्रथम वर्ष की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। एक लघु नाटिका भी प्रस्तुति की। नेहा, दीप्ति, अस्तुति, हिमांशी, पूजा दहिया, दिशा, दीक्षा, मेघा, मीनाक्षी, खुशी, आरती कुमारी व संजना आदि टॉपर छात्राओं को सम्मानित किया गया।

डॉ. मीना गुप्ता ने छात्राओं से कहा कि यहां से शिक्षा के साथ संस्कार लेकर जाएं और समाज में जागरूकता फैलाएं। राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ें, क्योंकि सफलता निरंतर कड़ी मेहनत से ही प्राप्त होती है। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि बहादुरगढ़ शिक्षा सभा लंबे समय से बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है।

प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने कहा कि हवन के माध्यम से नए सत्र का शुभारंभ अत्यंत शुभ माना जाता है। सत्यनारायण अग्रवाल ने छात्राओं को नव सत्र के प्रारंभ होने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पवन जैन, मनोज गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, अशोक गोयल, मूलचंद जोशी, प्रदीप गुप्ता, मुकेश गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, अशोक मित्तल, केवल कृष्ण बग्गा, आशु अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, अजय गुप्ता, डॉ. राजवंती शर्मा व अंजू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

---


बहादुरगढ़। वाहन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस ने वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टर टेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कोहरे के बढ़ते खतरे को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा को मजबूती देने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व यातायात प्रबंधक निरीक्षक महेश कुमार और उनकी टीम ने किया। अभियान के दौरान बसों, ट्रकों, ऑटो, ट्रैक्टर-ट्रालियों व अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई, ताकि घने कोहरे में वाहन दूर से दिखाई दें और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो। कई चालकों ने स्वयं आगे आकर रिफ्लेक्टर लगवाए और पुलिस की पहल की सराहना की। निरीक्षक महेश कुमार ने चालकों को कोहरे में सुरक्षित ड्राइविंग के महत्वपूर्ण नियम समझाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मौसम में हेडलाइट, इंडिकेटर और ब्रेक-लाइट पूरी तरह ठीक हों, वाहन नियंत्रित गति में चलाएं और आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखें। उन्होंने अनावश्यक ओवरटेकिंग, अचानक ब्रेक लगाने और सड़क के बीचों-बीच वाहन रोकने से बचने की सलाह दी।

---


झज्जर। समीक्षा बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

# उपायुक्त ने शिकायतों के जल्द समाधान और एटीआर रिपोर्ट समय पर भेजने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए अधिकारियों को इसकी गंभीरता को समझते हुए प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने बैठक के दौरान प्राप्त शिकायतों की विभागों के अनुसार समीक्षा की और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान उपरांत एटीआर शीघ्र भेजी जाए।

---

# कॉलेज में किया मीना गुप्ता का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल की प्रधान मीना सुभाष गुप्ता का अभिनंदन किया गया। उन्होंने झंडा फहराने के पश्चात कॉलेज की सभी लैब, जिम, खेल विभाग, पुस्तकालय और परिसर का भ्रमण किया। कार्यक्रम में राजेश गुप्ता व संजय गुप्ता भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

मीना गुप्ता ने कहा कि छात्राओं की शिक्षा का उद्देश्य सही मायने में कौशल विकास के साथ समाज सेवा होना चाहिए। व्यावसायिक शिक्षा व दक्षता व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज व राष्ट्र की जरूरत को पूरा करती है।

बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय लगातार छात्राओं को शिक्षित के साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। बेटियों की शिक्षा राष्ट्र व सामाजिक उन्नति के लिए अपरिहार्य है। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि छात्राओं का उद्देश्य कठोर परिश्रम द्वारा लक्ष्य प्राप्ति होना चाहिए। समारोह में कॉलेज प्रधान मनीष जिंदल, उपप्रधान प्रेमचंद बंसल, महासचिव आशीष कुमार, मैनेजर यशपाल गांधी, अजय कुमार, एमसी जोशी, महेंद्र कुमार, एसके अग्रवाल और पवन जैन आदि उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। कॉलेज में मीना गुप्ता का स्वागत करते संस्था पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

---


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो : हरिभूमि

# नशे के दुष्प्रभावों के प्रति छात्रों को किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** नशे और साइबर क्राइम के प्रति पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को टीम ने ओमेक्स स्थित सेंट स्टीफन इंडियन स्कूल और रैडेंट पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा तथा साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि नशा न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी विपरीत प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की अहमियत समझाते हुए हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग के खतरे और मोबाइल फोन से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति सचेत किया। महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम पर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। छात्रों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, पासवर्ड सुरक्षा और सोशल मीडिया पर गलत जानकारी से सावधान रहने की सलाह दी गई।

---

# अरोड़ा को विदाई, कौशिक का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के रीजनल ऑफिसर श्री शैलेंद्र अरोड़ा का ट्रांसफर हो गया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने उन्हें फेयरवेल देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यकाल के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही नवनियुक्त रीजनल ऑफिसर आशीष कौशिक का हार्दिक स्वागत किया।

कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, महासचिव प्रदीप कौल, पुरुषोत्तम गोयल, तिलक राज गर्ग व रवि चमड़िया ने शैलेंद्र अरोड़ा के कार्यकाल को उद्योगों के लिए अत्यंत सहयोगपूर्ण और परिणामकारी बताया। उन्होंने बताया कि अरोड़ा ने पर्यावरण संरक्षण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी मॉनिटरिंग की। उद्योगों को पर्यावरण नियमों का पालन करने के लिए समय-समय पर मार्गदर्शन भी दिया। उनके द्वारा स्थापित समन्वय और संवाद की व्यवस्था ने उद्योगों और विभाग के बीच विश्वास को और मजबूत किया। उन्होंने नए आरओ आशीष कौशिक का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके मार्गदर्शन में उद्योगों एवं विभाग के बीच सहयोग और सुदृढ़ होगा। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य और अधिक प्रभावशाली तरीके से आगे बढ़ेंगे।


बहादुरगढ़। शैलेंद्र अरोड़ा व आशीष कौशिक का अभिनंदन करते कोबी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

---


बहादुरगढ़। बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**बहादुरगढ़।** सेल्फ डिफेंस अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत दुर्गा शक्ति टीम ने दुर्गा पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सिपाही टीना ने किया। टीना ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण तरीकों और तकनीकों की जानकारी देते हुए बताया कि आकस्मिक परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के लिए बेसिक सेल्फ डिफेंस कौशल बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कुछ आसान व तुरंत उपयोग में आने वाली तकनीकों का अभ्यास भी करवाया। साथ ही छात्राओं को सचेत रहने, किसी भी अनजान व्यक्ति से वस्तु न लेने, संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत सूचना देने तथा संकट में शांत रहकर सही निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

---

# विद्यार्थियों ने पंचायत सदस्यों व अधिकारियों की निभाई भूमिका

**रेवाड़ी।** डाइट हुसैनपुर की ओर से शहीद रविंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास में जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास की टीम ने खंड जाटूसाना में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आब्जर्वर के रूप में डा. रामपाल शास्त्री डाइट हुसैनपुर सीनियर लेक्चरर थे और निर्णायक मंडल की भूमिका में डाइट हुसैनपुर से हरीश यादव, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगली गोधा के भारत गौड़, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धारूहेड़ा प्रवक्ता सौरभ यादव ने निभाई। जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत को तैयार करने में प्रवक्ता मुकेश यादव, राजनीति शास्त्र प्रवक्ता मुकेश यादव, प्रवक्ता इतिहास मांगे राम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवा ग्राम पंचायत में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्य शोभा रानी भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत के बारे में जानकारी देना था।


रेवाड़ी। जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---

# कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह गैर जमानती अपराध: गणेश कुमार

- दो साल तक की सजा व एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। बैठक में मौजूद आयोग के सदस्य व अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य गणेश कुमार और सुमन राणा ने शुक्रवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में बाल विवाह रोकथाम एवं बाल संरक्षण को लेकर बैठक आयोजित की। आयोग के सदस्य गणेश कुमार और सुमन राणा ने उपस्थित प्रतिनिधियों से बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, किशोर न्याय अधिनियम और बच्चों के प्रति होने वाले शोषण की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। जिले में बाल विवाह रोकथाम को लेकर मैरिज प्लेस, मैरिज ब्यूरो, कार्ड छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस, पंडित व मौलवी इत्यादि सभी संबंधित नागरिकों को जागरूक किया जाए। आयोग के सदस्य गणेश कुमार ने बताया कि बाल विवाह का आयोजन करना अधिनियम 2006 के अंतर्गत कानूनी अपराध है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह गैर जमानती अपराध है। ऐसा व्यक्ति जो बाल विवाह कराता है या बाल विवाह को बढ़ावा देता है।

---

# पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों की ठगी

**एक आरोपी चढ़ा साइबर पुलिस के हत्थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने अगस्त माह में पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। मूल रूप से यूपी के जबुरना निवासी जितेंद्र कुमार ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह इस समय सेक्टर-3 में रह रहा है। उसके पास टेलीग्राम पर 11 अगस्त को एक मैसेज आया था। उसमें उसे पार्ट टाइम जॉब से पैसा कमाने का लालच दिया गया। उसे एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़कर टास्क दिया गया। टास्क पूरा करने के बाद उसे


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### निकालने के लिए और राशि मांगी

इसे निकालने के लिए उससे और पैसों की मांग की गई, तो उसे साइबर फ्रॉड होने का अहसास हुआ। उसके साथ कुल 562895 रुपये का फ्रॉड हो गया। पुलिस ने उसकी शिकायत और बैंक डिटेल्स के आधार पर 10 सितंबर को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी पंजाब के जिला संगरूर के गांव मोहली निवासी नवजोत सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके बैंक खाते में ठगी कर रकम में से 41 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

मिल गया। अगले दिन उस दिन का टास्क मैने पुरा कर लिया और उसका पेमेन्ट भी आ गया। अगले दिन उसने पहले दो टास्क के लिए 1010 और 3020 व तीसरे टास्क के लिए 7100 रुपये बताए गए खाता नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। टास्क पूरा करने के बाद उसे वापस पैसा नहीं मिला। उसे बताया गया कि तीसरा टास्क पूरा नहीं होने के कारण उसे सुधार फीस के रूप में 97590 रुपये जमा कराने होंगे। उसने यह राशि जमा कराई तो उसकी कुल रकम 161415 दर्शाई गई। जब उसने पैसा निकालने का प्रयास किया, तो उसे बताया गया कि रकम ज्यादा होने के कारण उसे तीन बार में पैसे निकालने होंगे।

## खबर संक्षेप



### वीसी के माध्यम से की स्ट्रे कैटल जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा

**झज्जर।** जिले में स्ट्रे कैटल से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने तथा संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाई की मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से समीक्षा की। वीसी उपरांत डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकाय, पशुपालन, स्वास्थ्य, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, रोड एंड ट्रांसपोर्ट तथा पंचायत विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। डीसी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि स्ट्रे कैटल के प्रबंधन से जुड़ी सभी गतिविधियों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। कुत्तों के टीकाकरण, नसबंदी, डॉग पाउंड, शेल्टर की क्षमता, घायल पशुओं की देखरेख तथा शिकायतों के समयबद्ध समाधान जैसे बिंदुओं पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन

# नितिन और आरती बने बेस्ट एथलीट

■ खेल प्रभारी प्राध्यापक दीपक कुमार ने खेल गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की 65वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुक्रवार को समापन हुआ। बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी नितिन कुमार को सर्वश्रेष्ठ छात्र खिलाड़ी चुना गया जबकि बीए द्वितीय वर्ष की आरती सर्वश्रेष्ठ छात्रा खिलाड़ी बनी। रिलायंस मेट सिटी के सुरक्षा, प्रशासन और सीएसआर विभागाध्यक्ष कर्नल रोमेल राज्याण पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि अनुशासन के मार्ग पर चलकर ही हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। खेल अनुशासन सीखने का माध्यम है। खेल प्रभारी प्राध्यापक दीपक कुमार ने खेल गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।



झज्जर। रस्काकशी प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे परिणाम

लड़कियों की 1500 मीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष की खुशी प्रथम, एमए अंग्रेजी द्वितीय वर्ष की अंजू द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की दीपिका तृतीय रही। भाला फेंक प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की आरती प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की तन्नू द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की खुशी तृतीय रही। सौ मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष की आरती प्रथम, एमए अंग्रेजी द्वितीय वर्ष की अंजू द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की दीपिका तृतीय रही। मटका दौड़ में एमएससी प्रथम वर्ष की पूजा प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की प्रियंका द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की दीपिका तृतीय रहे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की तन्नू प्रथम, एमए अंग्रेजी द्वितीय वर्ष की अंजू द्वितीय और एमएससी प्रथम वर्ष की पूजा तृतीय रही। वहीं लड़कों की पांच हजार मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष का साहिल प्रथम, बीए प्रथम वर्ष का देवा द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष का देवव्रत तृतीय रहा। सौ मीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष का नितिन प्रथम, बीए तृतीय वर्ष का टिंकू द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष का देवव्रत तृतीय रहा। दो सौ मीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष का नितिन प्रथम, बीए प्रथम वर्ष का देवव्रत द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष का वैभव तृतीय रहा।



होनहार खिलाड़ी को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित वालीबॉल मैच में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



बेरी। होनहार खिलाड़ियों के साथ एसडीएम रेणुका नांदल एवं अन्य।

*बेरी। क्षेत्र के गांव डीघल में शुक्रवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत वॉलीबॉल मैच आयोजित किए गए। जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। एसडीएम रेणुका नांदल ने खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वॉलीबॉल खेल न केवल अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, बल्कि नशे जैसी बुराई से दूर रहने की प्रेरणा भी देते हैं। वालीबॉल मैच का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विभिन्न प्रकार के नशों से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि युवा समाज की सबसे बड़ी ताकत होती है। युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भाग लेना चाहिए। खेल शारीरिक और मानसिक विकास का आधार हैं। इस दौरान बीईओ सुंदरलाल कौशिक, कोच नवीन, कोच ललित, कोच ममता, अजय कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।*

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूरा होने पर चलाया जागरूकता अभियान

■ बाल विवाह बच्चों को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं भावनात्मक रूप से कमजोर बनाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तथा एमडीडीआफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जिले भर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूरा होने पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह जागरूकता अभियान विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकालकर, मशाल जुलूस निकालकर ,बस , ट्रैक्टर पर बाल विवाह मुक्त भारत के बैनर लगाकर निकाला जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति झज्जर के चेयरमैन सतीश जाखड़, नगरपरिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी, प्राचार्य जोगेंद्र धनखड़, डिस्ट्रिक्ट लीगल लिट्रेसी कार्डिनेटर कृष्ण वशिष्ठ शामिल रहे। चेयरपर्सन सतीश जाखड़ ने कहा कि बाल विवाह बच्चों को उनके अधिकारों तक पहुंचने से रोकता है। साथ ही बाल विवाह बच्चों को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं भावनात्मक रूप से कमजोर बनाता है बाल विवाह का खात्मा जरूरी है। वहीं बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार से बताया। नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि लड़कियों का शिक्षित होना बहुत जरूरी है तथा शिक्षित लड़की आगे चलकर समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है हम सबको बाल विवाह मुक्त भारत बनाने में हर संभव योगदान देने की जरूरत है।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी बात रखते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी।

# हिंदी भाषण में मायरा व गरिमा ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यम विद्यालय साल्हावास में शुक्रवार को हिंदी भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें चौथी और पांचवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्राइमरी हेड नीलम कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। हिंदी अध्यापिका हीरामणी और सोनिका ने कुशल मंच संचालन करते हुए बताया कि कक्षा चौथी रोज से निश्चय, लोटस से मायरा, लिली से मुकुल, टुलिप से रक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि वरूण, अरनया, सनाया, पूर्वी ने अपने-अपने अनुभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चौथी कक्षा में ओवर ऑल मायरा प्रथम, अनया द्वितीय और मनस्वी तृतीय स्थान पर रही। कक्षा पांचवीं रोज से वंशिका, लोटस से गरिमा, लिली से काव्या और टुलिप से इशिका व डेजी से मिहिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।




झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया

अनुष्का, गीतिका, नैन्सी, यश, मन्नत ने अपने-अपने अनुभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पांचवीं कक्षा में ओवर ऑल गरिमा प्रथम वंशिक द्वितीय और काव्या तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर एच डी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हिंदी भाषण स्पर्धा से बच्चों में रचनात्मकता का विकास होता है, मंच पर बोलने की झिझक दूर होती है। विद्यार्थियों के बौद्धिक कौशल को विकसित करने के लिए विद्यालय में समय समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया गया।

# नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता फैलाएं



झज्जर। एसपीओ को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसीपी दिनेश कुमार।

■ युवाओं को नशे से दुष्प्रभाव से अवगत करना पुलिस और समाज की संयुक्त जिम्मेवारी : एसीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर

स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में एसीपी दिनेश कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात स्पेशल पुलिस ऑफिसरों की मीटिंग लेकर नशे, अपराध तथा युवाओं में फैल रही नकारात्मक प्रवृत्तियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी एसपीओ को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार जागरूकता गतिविधियां चलाएं और युवाओं को खेल, शिक्षा तथा समाज-सेवा की ओर प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को भटकाने वाली परिस्थितियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में पुलिस और समाज दोनों की संयुक्त जिम्मेदारी है कि हम उन्हें सही दिशा दिखाएं। उन्होंने बताया कि गांवों में खेल गतिविधियां बढ़ाने से न सिर्फ युवाओं का शारीरिक विकास होता है, बल्कि वे नशे और अपराध जैसी प्रवृत्तियों से भी दूर रहते हैं। खेल अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को बढ़ाने का मजबूत माध्यम है। जिसे गांव-गांव तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इसके लिए वे विद्यालयों, पंचायत भवनों और युवाओं की बैठकों में नियमित रूप से जाकर नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं को यह समझाना बेहद जरूरी है कि नशा न सिर्फ उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि उनके भविष्य, परिवार और समाज पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है।

### कुश्ती दंगल के लिए जिले के पहलवानों का चयन कल

■ दंगल में जिले के भी पहलवान भाग लेंगे, जिसके लिए जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया 30 नवंबर को आयोजित की जाएगी

**झज्जर।** खेल विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर दो दिसंबर को कुरुक्षेत्र के थीम पार्क कुरुक्षेत्र में कुश्ती दंगल का आयोजन किया जा रहा है। इस दंगल में जिले के भी पहलवान भाग लेंगे, जिसके लिए जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया 30 नवंबर को आयोजित की जाएगी। जिला खेल विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चयन प्रक्रिया ज य बी र अ खा ड़ा , बुपनिया में आयोजित होगी। सुबह 8 बजे से 9 बजे तक पहलवानों का वजन किया जाएगा, जिसके तुरंत बाद 9:30 बजे से कुश्ती मुकाबले शुरू हो जाएंगे। चयन में पुरुषों और महिलाओं दोनों वर्गों के लिए अलग-अलग वजन वर्ग निर्धारित किए गए हैं। पुरुष वर्ग में भारत कुमार के लिए 74 किलोग्राम तथा भारत केसरी के लिए 74 किलोग्राम से अधिक वजन श्रेणी निर्धारित की गई है। वहीं महिला वर्ग में भारत कुमारी के लिए 62 किलोग्राम तथा भारत केसरी के लिए 62 किलोग्राम से अधिक वजन श्रेणी तय की गई है। खिलाड़ियों को वजन में दो किलोग्राम की छूट भी दी जाएगी, अधिक से अधिक खिलाड़ी भाग ले सकें।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

■ प्रतियोगिताओं में ऑनेस्ट, रिस्पेक्ट ट्रस्ट और करेज चारों हाउस के विद्यार्थियों ने दमदार प्रदर्शन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में आयोजित 10वें वार्षिक खेलकूद समारोह में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को दिखाया। चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से 5वीं और 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और जबरदस्त खेल भावना का प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिताओं में ऑनेस्ट, रिस्पेक्ट, ट्रस्ट और करेज चारों हाउस के विद्यार्थियों ने दमदार प्रदर्शन दिया। नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छोटे विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। जिनमें 40 मीटर, 50 मीटर और 80 मीटर की दौड़, चेयर एंड रिंग रेस, पुट बॉल इन द कोन, बॉल इन द बैकेट और बैलेंसिंग द बॉल जैसी मजेदार स्पर्धाएं शामिल रही।



झज्जर। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मार्च पास्ट निकालते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिभागियों को दी बधाई

*कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी गति और शक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। जहां 100 मीटर और 200 मीटर की दौड़ जैसी एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित की गईं। साथ ही टीम भावना को दर्शाने वाली रस्साकशी प्रतियोगिता भी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के लिए विद्यार्थियों के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 800 मीटर की दौड़, रिले दौड़, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप, और रस्साकशी जैसी प्रमुख स्पर्धाएं शामिल रही। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने विद्यार्थियों के जोश और भागीदारी की सराहना करते हुए एक प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा खेलों का यह महाकुंभ न केवल शारीरिक दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व जैसे जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सिखाता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।*

### पुण्यतिथि पर फुले को किया नमन



बहादुरगढ़। ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करती सरिता सैनी व अन्य।

**बहादुरगढ़।** महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर लाइनपार में हुए कार्यक्रम में भाजपा नेत्री सरिता जसबीर सैनी ने उन्हें नमन किया। उनकी तरह ही सारा जीवन समाज सेवा को समर्पित करने का आह्वान किया। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर सरकारी अवकाश करने की मांग दोहराई। उनके नाम से प्रदेश में पार्क, लाइब्रेरी, प्रवेश द्वार, खेल स्टेडियम आदि बनवाने की मांग की। इस अवसर पर तन्नू, पूजा, ऋतू, शिवानी, दीपा, कोमल, संजू, सुनीता, अनीता, खुसबू, ललिता, रोशनी, अनीता, रीमा, ज्योति, भारती आदि ने भी केंद्र सरकार से महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न देने की मांग की।

### रेखाचित्र के माध्यम से किया महात्मा ज्योतिबा फुले को याद

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फुले जी की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर उनका एक रंगोली रेखाचित्र बनाया। मुकेश शर्मा ने बताया कि देश से छुआछूत को खत्म करने और समाज के वंचित लोगों को सशक्त बनाने में अहम किरदार निभाने वाले ज्योतिबा फुले जी एक महान राष्ट्रीय पुण्यात्मा थे। उन्होंने महिला शिक्षा क्षेत्र में भी काफी योगदान दिया। इस चौपाल रंगोली में पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, रामावतार शर्मा, रमेश कौशिक, अमीर सिंह कौशिक, राजपाल कौशिक, गोपाल कौशिक, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा आदि ने उपस्थित रहकर श्रद्धांजलि प्रदान की।




झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बनाया महात्मा ज्योतिबा फुले का रेखाचित्र।

### कपूरी की पहाड़ी से बारहा के महंत कृष्णनाथ द्वारा किया जा रहा आयोजन

# कबलाना गांव में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

■ विधायक महंत बाबा बालकनाथ योगी समारोह की अध्यक्षता करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर

क्षेत्र के गांव कबलाना स्थित श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा पालनाथ जी का धूना स्थल पर शनिवार से दो दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आगाज किया जाएगा। धुना स्थल के प्रमुख पुजारी महंत कुलदीप नाथ व वैद्यनाथ महाराज ने बताया कि कपूरी की पहाड़ी से बारहा के महंत कृष्णनाथ द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है।

समारोह में बाबा गोरखनाथ धाम के पीठाधीश्वर एवं यूपी के मुख्यमंत्री महंत आदित्य नाथ योगी व सीएम नायब सिंह सैनी को जहां मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है विधायक महंत बाबा बालकनाथ योगी समारोह की अध्यक्षता करेंगे।



झज्जर। धूना स्थल परिसर में प्रसाद बनाने में जुटे कारीगर। फोटो : हरिभूमि

#### देशभर के आश्रमों व मंदिरों के महंत एवं साधु संत समारोह में शामिल होंगे

इनके अलावा देशभर के आश्रमों व मंदिरों के महंत एवं साधु संत समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि धूना स्थल पर श्री 1008 सिद्ध बाबा पालनाथ जी महाराज कपूरी की पहाड़ी, योगी तपस्वी बाबा मक्खन नाथ जी महाराज, सिद्ध बाबा सोमनाथ जी महाराज, श्री सिद्ध बाबा ज्योतिनाथ जी महाराज की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। धूना स्थल के सेवक राज कबलाना ने बताया कि पहले दिन भव्य कलश यात्रा व प्रतिमाओं की परिक्रमा एवं स्थापना कराई जाएगी वहीं तीस नवंबर को हवन में पूर्ण आहुति डालते हुए विशाल भंडारे व साधु विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। मुख्य मार्ग से धूना स्थल तक जाने वाले रास्ते पर जहां आकर्षक लाइटिंग की गई है वहीं समारोह में भाग लेने वाले करीब दस हजार साधु-संतों व अतिथियों के रहने, ठहरने व खाने की व्यवस्था की गई है।

### विजेता खिलाड़ी कैलाश का अभिनंदन




बहादुरगढ़। खिलाड़ी कैलाश का अभिनंदन करते आढ़ती। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** दिल्ली में हुई चैंपियस कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ी कैलाश दलाल छाया रहा। कैलाश ने चैंपियनशिप में ओपन चैलेंज का का खिताब अपने नाम किया। जीतकर लौटने पर बहादुरगढ़ के आढ़तियों ने उसका अभिनंदन किया। चैंपियनशिप दिल्ली के नजफगढ़ में हुई थी, जिसमें कैलाश दलाल ने जबरदस्त खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे पूर्व कैलाश ने महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी में हुई ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, हैदराबाद में हुई नेशनल कराटे चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल जीता था। मंडी में आढ़ती तेजपाल सैनी ने कैलाश को सम्मान राशि भेंट कर प्रोत्साहित किया।

# Elenta Mart

A PERFECT HYPERMARKET

1 LTR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

2 LTR
ON SHOPPING OF ₹4999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

## SUPER SALE

UPTO 80% OFF

ON ALL MRP 6% OFF

29 NOV TO 5 DEC

ROHTAK | BAHADURGARH | JHAJJAR | DIGHAL | SAMPLA | GOHANA | KARNAL

24 MANTRA ATTA 5KG — BUY 1 GET 1 FREE

BREGANO PASTA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE

TOPS TOMATO KETCHUP 850GM — BUY 1 GET 1 FREE

WELCOME`S SPICES (SELECTED VARIANTS) — BUY 1 GET 1 FREE

DEHAAT TOOR DAL — BUY 1 GET 1 FREE

UNIFIT MUSELI 375GM — BUY 1 GET 1 FREE

FIT 4 DITE
GAJJAK - LADDO - PEANUT CHIKKI AND MORE,
BUY 1 GET 1 Free

FORTUNE SOYABEAN OIL 750g — ₹129

SATMOLA NAMKEEN ALL VARIENT — BUY 1 GET 1 FREE

FORTUNE ATTA ( 10 KG ) — ₹410

24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR — BUY 1 GET 1 Free

GM POHA(500g) — BUY 1 GET 1 Free

BTW NAMKEEN ALL VARIENT — BUY 1 GET 1 Free

TAJ MAHAL TEA — ₹549

TATA TEA PREMIUM 1 KG — ₹349

DAAWAT ROZANA BASMATI GOLD RICE 5KG — ₹399

RAJDHANI BESAN 1KG — ₹92

XCITE NOODLES ( 330 G) — BUY 1 GET 1 Free

HURRICANE ENERGY DRINK (250 ML) — BUY 1 GET 1 Free

DEHAAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 Free

RED BULL 250ML — ₹95

ANANDA GHEE (900ML ) — ₹569

PREET LITE GHEE 1L — ₹315

NOVA GHEE (800ML ) — ₹539

PRABHAS GHEE (1 LTR) — BUY 1 GET 1 Free

FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR — ₹175

PATANJALI MUSTARD OIL 1 LTR — ₹185

**Rohtak, Bus Stand**
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480

**Rohtak, Model Town**
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480

**Karnal**
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555

**Dighal**
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

**Bahadurgarh**
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

**Sampla**
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

**Gohana**
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

**Jhajjar**
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

**Sonipat**
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

**Zirakpur**
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91 90530 87555

UPCOMING BRANCHES
Sirsa | Ghaziabad | Hisar | Mohali | Bhivani | Pinjor

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

TERMS & CONDITION : *STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.